an>

title: Need to upgrade Shaikh-Ul-Hind Maulana Mahmood Hasan Medical college in Saharanpur to the level of All India Institute of Medical Sciences.

श्री राघव लखनपाल (सहारनपुर) ः मैं केन्द्र सरकार का ध्यान सहारनपुर जनपद में उच्च स्तरीय चिकित्सा सुविधा उपलब्ध न होने की समस्या की ओर आकृष्ट कराना चाहता हूँ।

सहारनपुर जनपद जनसंख्या एवं भौगोलिक दृष्टि से एक विशाल जनपद है जो कि मण्डल मुख्यालय होने के साथ ही पश्चिमी उत्तर प्रदेश का एक प्रमुख जनपद है और शामली, मुजफ्फनगर, यमुनानगर, करनाल आदि जनपदों के नज़दीक स्थित है।

ऐसे महत्वपूर्ण एवं विशाल जनपद में उच्च स्तर की चिकित्सा सुविधाओं का अत्यंत अभाव है। जिला चिकित्सालय में न तो रोगी को दवाई मिलती है और न ही चिकित्सा सुविधा उपलब्ध हैं। कुछ वर्ष पूर्व उत्तर प्रदेश की तत्कालीन सरकार ने सहारनपुर जनपद में राष्ट्रीय राजमार्ग संख्या 73 पर एक 500 बिस्तर वाले मेडिकल कॉलेज का निर्माण प्रारंभ करवाया था जिसमें कि एम.बी.बी.एस. के 100 छात्रों को शिक्षा की सुविधा उपलब्ध कराने का लक्ष्य रखा गया था। लेकिन बाद में उत्पन्न हुई परिस्थितियों के कारण वर्ष 2015 में जैसे-जैसे इस मेडिकल कॉलेज का निर्माण पूरा कर इसके संचालन के नाम पर खानापूर्ति की जा रही है, जिस कारण सहारनपुर मण्डल व इसके आस-पास के जनपदों के रोगी दिल्ली या चण्डीगढ़ एम्स में इलाज कराने को दर-दर भटकते हैं।

अतः मेरी केंद्र सरकार से यह मांग है कि सहारनपुर जनपद में राष्ट्रीय राजमार्ग संख्या 73 पर नवनिर्मित इस शेख-उल-हिन्द मौलाना महमूद हसन मेडिकल कॉलेज को अखिल भारतीय आयुर्विज्ञान संस्थान में परिवर्तित करने की कृपा करें।